दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 9 मई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा अंतर्गत आंगनबाड़ी में रिक्त 22 विभिन्न पदों के लिए 9 मई 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें कार्यकर्ता के 8 पद, मिनी के 1 पद एवं सहायिका के 15 पद रिक्त है। इच्छुक आवेदिका 9 मई 2023 तक बाल विकास परियोजना कार्यालय लैलूंगा में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष की होनी चाहिए। एक वर्ष से अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा में संपर्क कर सकते है।

### भिलाई स्टील प्लांट में बड़ा हादसा, आग लगने से 4 मजदूर झुलसे

**भिलाई (आरएनएस)।** भिलाई स्टील प्लांट में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया है। यहां के स्टील मेल्टिंग शॉप के कन्वर्टर में आग लगने से चार मजदूर बुरी तरह से झुलस गए हैं। हादसे के बाद हडक़ंप मच गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। इस हादसे में झुलसे मजदूरों को पहले मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया जहां से चारों मजदूरों को सेक्टर-9 अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इधर हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार स्टील मेल्टिंग शॉप 2 में मारुती कस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। बताया जा रहा है कि गैस कटिंग के दौरान अचानक आग लग गई। हादसे में रंजीत सिंह, रमेश मौर्या, राजू तांडी व अमित सिंह झुलस गए। सभी को मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया जहां से सेक्टर-9 रेफर किया गया। बताया जा रहा घायलों में दो कर्मचारियों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### डेढ़ किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के धरसींवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को डेढ़ किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने पास रखे गांजे की बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसर धरसींवा पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित स्टेडियम के पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी धरसींवा के नेतृत्व में थाना धरसींवा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद असगर निवासी धरसींवा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें पॉलीथीन की तलाशी लेने पर पॉलीथीन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी मोहम्मद असगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 550 ग्राम गांजा कीमत लगभग 15 हजार रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

### तलवार लहराते आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी की टिकरापारा पुलिस ने एक युवक को धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना पुलिस को सूचना मिली कि थानाक्षेत्र के संताषी नगर चौक में एक युवक हाथ में धारदार तलवार लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक टिकरापारा संतोषी नगर निवासी मोहम्मद अतहर अशरफी को गिरफ्तार कर उसके पास से तलवार जब्त किया है। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 24-27 आम्र्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

# स्कूल मरम्मत की सर्वाधिक राशि मिली है रायगढ़ को, होना चाहिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था पर हो फोकस
- शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग के दिए निर्देश
- नए सत्र से स्कूलों के संचालन के तैयारियों की कलेक्टर सिन्हा ने की समीक्षा
- कलेक्टर सिन्हा ने ली शिक्षा विभाग की बैठक



**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा पूरे प्रदेश में मात्र एक रायगढ़ जिले के लिए स्कूलों की मरम्मत हेतु लगभग 130 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जो जिले के लिए एक सुनहरा अवसर है। इसलिए इस राशि का बेहतर उपयोग करें। यह सोचकर स्कूलों में निर्माण करायें कि अपना खुद का मकान बना रहे है, जिसमें अपने स्वयं के बच्चे रहेंगे। निर्माण कार्यों में क्वालिटी का विशेष ध्यान दें। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शिक्षा विभाग की बैठक में कही।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि जिन स्कूलों में मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ है वे आगामी 5 मई तक सभी स्कूलों में निर्माण कार्य चालू करायें। निर्माण कार्य के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि बरसात के दिनों में दीवारों में सीपेज की समस्या न हो एवं छत से पानी नहीं टपकना चाहिए। साथ ही स्कूल के शौचालय हवादार एवं दरवाजे-खिड़की रोशनदार होने चाहिए। स्कूल में लैब एवं लाईब्रेरी भी बनवाईये। प्राप्त राशि में अच्छी गुणवत्ता के साथ क्या-क्या निर्माण हो सकता है इसका ध्यान रखें।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने कहा। जिससे बच्चे आईआईटी-जेईई, नीट जैसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा चयनित हो सके। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक पूरे समाज और विशेष रूप से बच्चों के लिए आदर्श होते है। इसलिए शिक्षकों को कर्तव्यनिष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राचार्य किसी भी स्कूल का मुखिया होता है, इसलिए उन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यकतानुसार नवाचारी तकनीकों का उपयोग करते हुए स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग और छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि कोई भी स्कूल एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन न हो। उन्होंने कहा कि विकासखण्ड धरमजयगढ़, लैलूंगा एवं तमनार में सबसे ज्यादा एकल शिक्षकीय है, वहां त्वरित रूप से स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की व्यवस्था करें, ताकि आगामी शिक्षा सत्र में बच्चों के लिए अध्ययन-अध्यापन पर प्रतिकुल प्रभाव न पड़े। उन्होंने जिले के विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकें, गणवेश वितरण, नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने आगामी सत्र की तैयारी हेतु विद्यालय खोलने के पूर्व सभी प्राचार्यो की बैठक बुलाकर अध्ययन-अध्यापन की कार्ययोजना समग्र शिक्षा को तैयार करने हेतु निर्देशित किया। पेंशन प्रकरणों की जानकारी लेते हुए प्रकरणों का त्वरित रूप से निराकरण की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कर्मचारियों को पदोन्नति, क्रमोन्नति वेतन वृद्धि समय पर प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। बालबाड़ी के संबंध में जानकारी लेते हुए कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बालबाड़ी का संचालन नियमित रहे तथा आकर्षक बनाया जाए एवं विद्यार्थियों को सीखने के सुगम तरीके, खेल-खेल में अभ्यास कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान कहा कि कई दफे इस बात की शिकायत सुनने को मिलती है कि प्राईवेट स्कूल वाले किसी एक व्यक्ति विशेष की दुकान से ही ड्रेस अथवा किताबें खरीदी करने हेतु पालक पर दबाव बनाते है, जो कि सही नहीं है। ऐसी शिकायत मिलने पर तत्काल कार्यवाही करें। इसमें लापरवाही नहीं चलेगी।


बैठक में ज्वाईंट कलेक्टर बी.आर. धुरव, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अक्षा गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी बी.के.बाखला, सहायक संचालक शिक्षा के.के.स्वर्णकार, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी सहित सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सर्व प्राचार्य एवं सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**विद्यालयीन समय में स्कूल में रहे शिक्षक, मॉनिटरिंग की बनाएं व्यवस्था-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि कई बार सुनने को मिलता है कि स्कूल में शिक्षक सही समय पर नहीं आते, देर से आते हैं, कई बार बिना जानकारी या सूचना के अनुपस्थित है। यह स्थिति नही होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल में आने वाले शिक्षकों के समय पर उपस्थिति की मॉनिटरिंग की व्यवस्था बनाए ताकि शिक्षकों की विद्यालयीन समय में स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। इसके बाद भी अगर कोई लापरवाही करते पाये जाते है अथवा बिना बताये अनुपस्थित रहते है तो उन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मीनू के अनुसार दें मध्यान्ह भोजन

कलेक्टर सिन्हा ने मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए बच्चों को मीनू के अनुरूप पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन पौष्टिक एवं गर्म रहे, ताकि बच्चों को उसका पूरा लाभ मिले। उन्होंने मध्यान्ह भोजन का मीनू चार्ट सभी स्कूलों के दीवार में पेन्ट करवाने के निर्देश दिए।

## 22 टन स्क्रैप से भरा ट्रक जब्त, अवैध कबाड़ के विरुद्ध जूटमिल पुलिस की कार्यवाही



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब, जुआ सट्टा एवं कबाड़ के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में 24 अप्रैल के शाम बड़वाल बेरियर के पास नाकेबंदी कर जूटमिल पुलिस मुखबिर सूचना पर उड़ीसा की ओर से ट्रक में अवैध कबाड़ ले आ रही ट्रक को पकड़ा गया है। वाहन को चेक करने पर उसमें लोहे के टुकड़े, एंगल, प्लेट वगैरह लोड थे। वाहन चालक किशोर कुमार साहू पिता गंगाराम साहू उम्र 23 साल निवासी ग्राम सेमरा वार्ड नंबर 03 शंकर मंदिर मोहल्ला थाना बुढहार जिला शहडोल (मध्य प्रदेश) ने बताया कि वह ओड़िशा राउरकेला से ट्रक में अवैध कबाड़ भरकर पूंजीपथरा की ओर जा रहा था। जूटमिल पुलिस द्वारा वाहन चालक से कबाड़ परिवहन के संबंध में कागजात पेश करने को कहने पर वाहन चालक कोई कागजात नहीं होना बताया जिस पर ट्रक क्रमांक एमपी 18 जी ए 2997 में लोड करीब 22 टन लोहे का स्क्रैप कीमत करीब रु.93000 का जप्त कर वाहन में लोड सम्पत्ति चोरी की संपत्ति होने पर विधिवत कबाड़ मय अवैध स्क्रैप के जब्ती कर आरोपी वाहन चालक किशोर कुमार साहू को थाने लाया गया। थाना जूटमिल में आरोपी के कृत्य पर इस्तगासा धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC के तहत कार्यवाही कर आरोपी के परिजनों को कार्यवाही और गिरफ्तारी की सूचना देकर आरोपी को न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड की मांग की गई। माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड स्वीकृत किए जाने पर आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा जिला जेल दाखिल किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी तथा हमरा स्टाफ आरक्षक जितेश्वर चौहान, गणेश सिंह और प्रताप मिंज की अहम भूमिका रही है।

## कोयले का अवैध परिवहन करते दो हाइवा चालक गिरफ्तार, 33 टन कोयला सहित हाइवा वाहन जब्त

- तमनार पुलिस ने आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर



**रायगढ़।** कोयला के अवैध बिक्री, परिवहन पर रोकथाम के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों को मुखबिर लगाकर प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कल दिनांक 25.04.2023 के शाम तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण मिंज के नेतृत्व में तमनार पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर जिंदल कंपनी के गेट नंबर 4 के सामने सलिहाभांठा मेन रोड पर दो ओडिशा पासिंग हाईवा वाहन को पकड़ा गया। दोनों वाहनों में क्रमश: 19 टन और 14 टन चोरी का कोयला लोड थे। वाहन चालकों ने बताया कि वे उड़ीसा के सुंदरगढ़ जमनीपाली नया माइंस से कोयला लेकर पूंजीपथरा फैक्ट्री में अवैध रूप से खपाने ले जा रहे थे। दोनों वाहनों को से अवैध कोयला मय हाइवा जप्त कर तमनार पुलिस द्वारा वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक कल दिनांक 25/04/2023 को थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज अपने स्टाफ के साथ ग्राम डोंगामौहा, बेलजोर की ओर अपराध विवेचना, शिकायत जांच के लिए रवाना हुए थे। जहां उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा पासिंग दो हाईवा वाहन में चोरी का कोयला लेकर हाइवा चालक तमनार से पूंजीपथरा की ओर जा रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मुखबीर के बताए स्थान पर रवाना हुए पुलिस टीम के द्वारा दोनों संदिग्ध वाहन जिंदल कंपनी मेन गेट 4 के सामने सलिहाभांठा मेन रोड में पकड़े। हाइवा क्रमांक OD 14 N/ 9524 के चालक मार्कंडेय राजभर तथा हाइवा क्रमांक OD 23/ 8416 के चालक सूरज पासवान बताए कि वे 23 अप्रैल की रात जामपाली नया माइंस से कोयला लेकर पूंजीपथरा फैक्ट्री में ले जा रहे थे। हाईवा चालकों के पास कोयला परिवहन का कोई कागजात नहीं था, वाहन में लोड कोयला चोरी की संपत्ति होने के पूर्ण अंदेशा पर पुलिस टीम द्वारा हाइवा क्रमांक OD 14 N/ 9524 में लोड 19 टन कोयला एवं हाइवा क्रमांक OD 23/ 8416 में लोड 14 टन कोयला कुल 33 टन अवैध कोयला कीमत रु.2,30,000 का जप्त कर वाहन चालक मार्कंडेय राजभर पिता रमाशंकर राजभर उम्र 30 साल निवासी तिरनईखुर्द थाना उभांव जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) हाल मुकाम वीरेंद्र यादव का मकान बनपाली थाना बनपाली जिला सुंदरगढ़ (उड़ीसा) और ड्राइवर सूरज पासवान पिता शिव कुमार पासवान उम्र 25 साल निवासी जलवार थाना इमामगंज जिला गया (बिहार) हाल मुकाम बरपाली थाना बलिंगा जिला सुंदरगढ़ (उड़ीसा) पर अलग-अलग धारा 41(1+4) सीआरपीसी/ 379 आईपीसी की कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## संवाद से समाधान का सिलसिला पहुंचा धरमजयगढ़, कलेक्टर ने लगाई जनचौपाल

- लोगों को समाधान के लिए न जाना पड़े दूर, यही हमारा प्रयास- कलेक्टर सिन्हा
- आवेदन लेकर आई अनिता, ट्राइसाइकिल लेकर लौटी
- जिला मुख्यालय के साथ अब विकासखंड मुख्यालय में भी कलेक्टर से मिल सीधे अपनी बात रख रहे लोग
- कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश




**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा हर सोमवार को जिला मुख्यालय में जनचौपाल लगाकर लोगों से मुलाकात करते हैं। उन्होंने अब इसे विकासखंड स्तर में भी आयोजित किए जाने की पहल की है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले के दूरस्थ क्षेत्र धरमजयगढ़ के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय में चौपाल लगाई। जिसमें उन्होंने बड़ी संख्या में दूर दराज से आए लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिला मुख्यालय में तो लोगों से मुलाकात करने का अवसर मिलता रहता है। लेकिन दूर दराज के लोग जो अपनी समस्या रखने जिला मुख्यालय नही पहुंच पाते उनसे मिलने के लिए प्रशासन ही उन तक पहुंचे यही प्रयास है। इसी क्रम में विकासखंड स्तर में यह जनचौपाल लगाया गया है। इस दौरान सीईओ अबिनाश मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत-नवागांव के सरपंच एवं प्रधान पाठक आज धरमजयगढ़ में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला जोगियापारा में शाला भवन काफी जर्जर हो गयी है। उन्होंने कलेक्टर से शाला भवन की मरम्मत कराने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह शनिराम एवं अन्य ग्रामवासी जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत क्रिन्धा के ग्राम छुहीपहाड़, सिरडाही एवं चापकछार में लगभग 200 परिवार निवास करते है। यहां पक्के सड़क के अभाव में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने ईई पीडब्ल्यूडी को इन गांवों तक सड़क बनवाने के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार नगर पंचायत धरमजयगढ़ के वार्डवासी वार्ड क्रमांक 15 चिकटवानी के क्रबिस्तान में बाउण्ड्रीवाल कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। इसी तरह नगर पंचायत धरमजयगढ़ के ग्रामवासी नवीन स्कूल भवन की स्वीकृति एवं पुराने स्कूल भवन परिसर में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित अधिकारी को आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। धरमजयगढ़ में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय जनचौपाल में अन्य लोग राशन कार्ड, राजस्व, सीमांकन, बटांकन, पेंशन को लेकर लोगों ने आवेदन किया।

**आवेदन लेकर आई अनिता, ट्राइसाइकिल लेकर लौटी-** पीपरमार धरमजयगढ़ की दिव्यांग अनिता सिदार ट्रायसायकल की मांग हेतु आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वे 60 प्रतिशत दिव्यांगता की श्रेणी में आती है, जिसकी वजह से कही आने-जाने में काफी कठिनाईयां होती है। कलेक्टर सिन्हा ने तत्काल विभाग से अनिता के लिए ट्राइसाइकिल मंगवाया और उसे जनचौपाल में ही सौंप दिया। अनिता भी इस त्वरित कार्यवाही से काफी संतुष्ट नजर आई और कलेक्टर सिन्हा के प्रति आभार जताया।

## मोडिफाइड साइलेंसर लगाए वाहन चालक का काटा गया चालान, वाहन से निकाला गया कान फोडू साइलेंसर



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशों पर शहर में यातायात पुलिस तथा थानों की टीम द्वारा प्रमुख चौंक, चौराहों पर वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात की समझाइश देकर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही किया जा रहा है। इस क्रम में कल शाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के हमराह मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर रहे कोतवाली स्टाफ द्वारा मोटर सायकल पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाये चालक सुरेन्द्र शर्मा (43 साल) कोतरारोड़ के मोटर सायकल से साइलेंसर निकलवा कर चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना किया गया है। कल थाना कोतवाली, यातायात एवं पूंजीपथरा पुलिस द्वारा 89 व्यक्तियों पर विभिन्न मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर रु.38,300 शमन शुल्क का जुर्माना चालकों पर किया गया है। अधिकतर मामले तीन सवारी तथा मौके पर वाहन के कागजात पेश नहीं करने के हैं।

## कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली। बैठक में छात्रावासों के मरम्मत कार्य, छात्रों की संख्या, छात्रावासों में बाऊंड्रीवाल एवं फेसिंग कार्य , पेयजल व्यवस्था, खाद्यान्न उपलब्धता, कन्या छात्रावासों में अधीक्षिका आवास गृह, ईंधन की उपलब्धता एवं शासन की संबंधित योजनाओं पर अद्यतन चर्चा की। छात्रावासों में मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन छात्रावासों में मरम्मत की आवश्यकता है वे जानकारी दें। "स्वस्थ तन स्वस्थ मन" स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की जानकारी ली। इस योजना अंतर्गत छात्रावासों आश्रमों में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।स्वास्थ्य संबंधी सलाह एवं सुझाव दिये जाते हैं। कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को कहा कि वे सभी छात्रावास में स्थित आवास गृह में रात्रि में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी को सचेत रहने की समझाइश देते हुए कहा कि छात्रावास में अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोई अन्य अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने पेयजल संबंधी समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में अधीक्षकों ने ट्यूबवेल, मोटर एवं जल स्तर संबंधी समस्याओं से अवगत कराया, कलेक्टर ने निराकरण हेतु आश्वासन दिया।

## खरसिया विकासखण्ड में अंगना म शिक्षा मेला-पढ़ाई तिहार का हुआ आयोजन

- विकासखंड खरसिया के 183 प्राथमिक विद्यालयों में हुआ कार्यक्रम
- अंगना म शिक्षा मेला कार्यक्रम में विकासखंड की 3672 सक्रिय माताओं ने कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई



**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेशानुसार जिला कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देश पर खरसिया विकासखण्ड में अंगना म शिक्षा मेले में माताओं को ग्रीष्म अवकाश में घर में नौनिहाल बच्चों को कैसे सिखाएं जाना है अवगत कराया गया। माताएं अपने घर में खुशनुमा माहौल में बच्चों को कैसे तैयार करें, कैसे उन्हें पढ़ाई सरल विधि से स्थानीय सामग्रियों से जैसे आलू, प्याज, टमाटर, थाली, कटोरी, गिलास, फल-फूल, पत्ती, कंकड़-पत्थर, लकड़ी, प्लास्टिक डिब्बा खिलौने आदि से अक्षर ज्ञान, जोडऩा-घटाना, अंक पहचान, वर्ण पहचान आदि आनंद के साथ कैसे उन्हें सिखाएं यह सब बातें बताई गई। इस तरह से माताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास, बौद्धिक विकास, मानसिक योग्यता आदि सभी पहलुओं को बारीकी से घर में रहकर ही बच्चों को खेल-खेल में सीखा सकती हैं। इसके लिए मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के स्तर पहचान के लिए 9 काउंटर बनाए गए थे। सपोर्ट कार्ड वितरण करना, संतुलन बना कर चलना कूदना, संतुलन बनाना पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास मिलान करना पहचान करना, वर्गीकरण क्रम से लगाना, भाषा विकास, गणित पूर्वतयारी आकार पहचान गिनना, अंक पहचान जोड़ घटा, शारीरिक विकास, भाषा विकास, सामाजिक और भावनात्मक विकास उक्त गतिविधियों में माताओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और बच्चों से सभी गतिविधियों को कराये। साथ में जनभागीदारी के सदस्य, पालकगण भी उपस्थित रहे, आंगनबाड़ी के 5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों को उक्त गतिविधियों में संलग्न किया गया ताकि उनके शाला आने के पूर्व उनकी तैयारी हो जाए। माताएं उन्हें घर में आनंदमय माहौल में बढिय़ा से सीखा सकें, माताओ ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस मेले का लुफ्त उठाया, साथ ही साथ बच्चों को कैसे घर में पढ़ाना है यह भी उन्होंने सीखा। अंगना में शिक्षा-माताओं के लिए एक सीढ़ी का काम कर रही है उन्हें घर से बाहर अपनी अलग पहचान बनाने के लिए अपने बच्चों के नजर एक शिक्षिका के रूप में प्रथम गुरु का कर्तव्य निभाते हुए सभी माताओं में अंगना मा शिक्षा से प्रेरणा लिए और अपने-अपने बच्चों के स्तर को समझते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करने के लिए बेड़ा उठा, हुए नजर आए। अंगना म शिक्षा से सभी माताओं पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और वे प्रेरित हुई। इससे अब मातायें खुद से बच्चों को पढ़ाने के लिए आगे आती हैं। घर पर भी बच्चों को खेल-खेल में आनंद आए माहौल में पढ़ाने में स्वयं को सक्षम बनाने में यह कार्यक्रम अत्यंत सहायक है।

ज्ञात हो के अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम के संचालन में विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक प्रदीप कुमार साहू एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी संकुलों के प्राथमिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम बेहतर ढंग से क्रियान्वयन हो इस हेतु सभी संकुल प्राचार्य एवं सभी संकुल समन्वयकों को संकुल स्तर का मानिटरिंग अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस तरह अंगना म शिक्षा (पढ़ई तिहार) मेले का विकासखंड खरसिया के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बेहतर ढंग से संचालन एवं क्रियान्वयन किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480